# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 04.08.2024 समय : 18.30 पीएम

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा –समाज के सभी वर्गों के उत्थान से ही विकसित राजस्थान का सपना साकार होगा।**
- **प्रदेश में 7 अगस्त को हरियाली तीज पर अमृत पर्यावरण महोत्सव के तहत एक ही दिन में लगाये जायेंगे एक करोड़ से अधिक पौधे।**
- **पेरिस ओलंपिक में भारत ने हॉकी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ग्रेट–ब्रिटेन को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश।**
- **प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसूनी बारिश का दौर जारी – जयपुर, कोटा, भरतपुर, अजमेर और उदयपुर संभागों में आज और कल अधिकांश स्थानों पर बारिश का पुर्वानुमान।**

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि समाज के सभी वर्गों के उत्थान से ही विकसित राजस्थान का सपना साकार हो सकता है। इसलिए राज्य सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए बजट में कई प्रावधान किए हैं। श्री शर्मा आज मुख्यमंत्री निवास पर राज्य कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए बजट घोषणाओं पर धन्यवाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों और उनके परिवार के हितों के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घोषणाएं समय पर पूर्ण होने से ही संबंधित वर्ग को उसका लाभ मिलता है। इसीलिए हमारी सरकार ने कर्मचारी हित में बिना विलंब किए कुछ ही महीनों में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

000

प्रदेश में मॉनसून के दौरान विभिन्न स्थानों पर पौध रोपण किये जा रहे हैं। अलवर शहर के भूरासिद्ध स्थित हनुमान मंदिर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आज केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और राज्य के वन मंत्री संजय शर्मा ने पौध रोपण किया। इस क्षेत्र में करीब 20 हजार पेड़ लगाकर मातृवन विकसित किया जाएगा। इस मौके पर श्री यादव ने कहा कि शहर के द्वार कटीघाटी पर 70 हेक्टेयर में नगर वन और बायोलॉजिकल पार्क बनाकर शहर को हरा भरा बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से पेड़ लगाने और उनका संरक्षण करने की अपील की। उधर, सांचौर की सरवाना और मेडाजागीर ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान कार्यक्रम के तहत मानव श्रृंखला बनाई। इस अवसर पर पौध रोपण कर आमजन को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

पाली के राजकीय बांगड़ महाविद्यालय परिसर में पौधा रोपण अभियान के तहत पांच हजार पौधे लगाये गये। भारतीय स्टेट बैंक और अन्य निजी संस्थाओं की ओर से आयोजित इस पौध रोपण कार्यक्रम में जिला कलेक्टर एल. एन. मंत्री और पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट भी मौजूद रहे। इस अवसर पर बच्चों ने नाटक मंचन के जरिये पेड़ बचाने का संदेश दिया। झुन्झुनू जिले के झेरली गांव में सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से आमजन को जागरूक करने के लिए प्लास्टिक फ्री ग्राम पंचायत अभियान शुरू किया गया। इसी कड़ी में स्कूली बच्चों ने पोस्टर निर्माण, भाषण और स्लोगन के साथ–साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में बताया।

000

प्रदेश में 7 अगस्त को हरियाली तीज के अवसर पर शिक्षा और पंचायतीराज विभाग एक ही दिन में एक करोड़ से अधिक पौधे लगायेगा। शिक्षा और पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की प्रेरणा से अमृत पर्यावरण महोत्सव के तहत राज्यभर में आमजन के सहयोग से इस दिन पौधा रोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पौधों की जनभागीदारी से देखभाल की जाएगी ताकि तपती धरती को बढते तापमान से राहत मिल सके। श्री दिलावर ने बताया कि इसके लिये व्यापक तैयारियां की गई है। विद्यालयों में पौधारोपण की गतिविधियों

के लिए यूथ एण्ड ईको क्लब के माध्यम से 37 करोड़ रूपये का बजट आवंटित किया गया है। पिछले तीन महीनों से लगातार प्रदेश का सघन दौरा कर जनता को पौधारोपण की मुहिम से जोडने का प्रयास किया गया है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा और पंचायती राज विभाग ने तय किया है कि सरकारी तथा निजी स्कूलों सहित सभी अधिकारियो और कर्मचारियों की इस अभियान में सकिय भागीदारी रहेगी। श्री दिलावर ने कहा कि कक्षा 1 से 12वीं तक के सभी विधार्थी उतने पौधे लगायेगें जितने उनके परिवार में सदस्य हैं। औसतन कम से कम 5 पौधे हर विधार्थी को लगाने होंगे। कार्य योजना के अनुसार तृतीय श्रेणी के अध्यापक कम से कम 5 पौधें द्वितीय श्रेणी के अध्यापक 10 पौधे तथा प्रथम श्रेणी के अध्यापक कम से कम 15 पौधे लगायेगें। ये पौधे सरकारी और प्राइवेट स्कूलों, चारागाह, सरकारी भूमि, और गांव के सार्वजनिक स्थानों पर लगाये जा सकेंगे। वृक्षारोपण अभियान के लिए कुछ प्रमुख हस्तियों को ब्राण्ड एम्बेसडर भी बनाया गया है। 200 पौधे लगाने पर पौधों की सुरक्षा और रख–रखाव के लिए एक नरेगा श्रमिक को नियुक्त किया जाएगा।

000

पेरिस ओलंपिक हॉकी प्रतियोगिता के आज खेले गये क्वार्टर फाइनल मैच में भारत ने ग्रेट–ब्रिटेन को 2 के मुकाबले 4 गोल से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। निर्धारित 60 मिनट तक दोनों टीमें 1–1 गोल कर बराबरी पर रहीं। इसके बाद शूटआउट के जरिए विजेता टीम का फैसला हुआ। शूटआउट में भारत ने अपने चार निशाने साधे, जबकि ग्रेट–ब्रिटेन दो निशाने ही लगा पाया। पिछले टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले भारत ने इस बार भी अपने पदक की आस बनाये रखी है।

000

प्रदेश में आज हरियाली अमावस्या मनाई जा रही है। इस अवसर पर पितृों के तर्पण सहित कई धार्मिक अनुष्ठान और दान पुण्य किये जा रहे हैं। राजधानी जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर में रवि पुष्य नक्षत्र में गणपति का पंचामृत अभिषेक किया गया। भीलवाड़ा के बिजोलिया क्षेत्र स्थित तिलस्वा महादेव मंदिर में आज से मेला भर रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिलेभर के शिव मन्दिरों में विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है।

--------------------

जोधपुर जिले की पीपाड़ स्थित नंदी गौशाला में इस अवसर पर 101 पौधे लगाए जा रहे है। साथ ही साथिन ग्राम पंचायत में 51 पौधे और ट्री गार्ड लगाकर संरक्षण की जिम्मेदारी ली गई है। भरतपुर में बांके बिहारी मंदिर में ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने गोवर्धन धाम की सप्तकोसीय परिक्रमा भी दी। बीकानेर में वृक्षों की पूजा के साथ–साथ पवित्र सरोवरों में स्नान किये जा रहे हैं। जैसलमेर में तीर्थ स्थली वैशाखी में भूतेश्वर महादेव की विशेष पूजा अर्चना की गई और सहस्त्रघट का आयोजन किया गया। सवाईमाधोपुर में मंदिरों में अनुष्ठान के साथ ही प्राचीन परंपरा के चलते शहर में पतंगबाजी की जा रही है। पाली में शिव मंदिरों में विशेष अभिषेक किये गये तथा पीपल की पूजा के साथ ही दान पुण्य किया गया। सांचौर जिले में धमाणा का गोलियां स्थित अमृता देवी बिश्नोई गौशाला मेें हवन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर बिश्नोई समाज के लोगों ने गुरू जम्भेश्वर के बताए 120 शब्दों का वाचन कर आहुतियां दी। हनुमानगढ़ जिले में भी हरियाली अमावस्या पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने आज सुबह नई दिल्ली में राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वालों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। बाद में श्री बागडे ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 'सदैव अटल' समाधि पर भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसूनी बारिश का दौर जारी है। पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुई। वहीं कई जगह हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 10 सेंटीमीटर बारिश अजमेर के अराई में हुई। झालावाड ज़िले में सुबह से हल्की बरसात हो रही है। विभिन्न क्षेत्रों में हो रही अच्छी बरसात के कारण ज़िले की सभी नदियां पूरे बहाव पर हैं। कालीसिंध बांध के दो गेट खोलकर 7 हजार 800

क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। उधर, कोटा में पार्वती नदी की पुलिया पर करीब 8 फीट पानी की चादर चल रही है। बालोतरा जिले के बुड़ीवाड़ा ग़ांव में एक बरसाती नाले से बने खड्डे में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। भीलवाड़ा शहर सहित ग्रामीण अंचल में रिमझिम बारिश का दौर जारी है। जैसलमेर जिले में लगातार दो दिन हुई भारी बारिश के बाद आज भी कई स्थानों पर हल्की बारिश का दौर जारी रहा।

..................

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज और कल जयपुर, कोटा, भरतपुर, अजमेर और उदयपुर संभागों में अधिकांश स्थानों पर बारिश होने की संभावना जताई है।

000